Seventeenth Loksabha

p>

Title: Need to provide Mobile facilities in Nabrangpur, Odisha.

श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर): माननीय अध्यक्ष जी, मेरा संसदीय क्षेत्र नबरंगपुर है । नबरंगपुर जिले में चेन्नाहांडी ब्लॉक-1 है जिसमें कुड़ी पंचायत में अभी तक कोई मोबाइल फैसिलिटी नहीं है, जैसे जड़िया ब्लॉक में सैन बट्टेमरा है, पापड़ाहांडी ब्लॉक, गोड़देवपाली एवं तंदुरखूंटी ब्लॉक हैं, वहां भी कोई मोबाइल फैसिलिटी नहीं है । मलकानगिरी जिला भी नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र है । मलकानगिरी की उड़ूका पंचायत है, चित्रगुंडा इलाका में कुछ एरियाज में मोबाइल फैसिलिटी है लेकिन इंटरनैट की कोई सुविधा नहीं है । वहां बैंक का काम नहीं हो पा रहा है । 108 मोबाइल फैसिलिटी भी लोग यूज नहीं कर पा रहे हैं, जो मैथिली इलाका है । इसीलिए मेरा मंत्री जी से निवेदन है कि वहां जल्दी से जल्दी मोबाइल सुविधाएं प्रदान की जाएं ।

माननीय अध्यक्ष: श्री सप्तगिरी उलाका को श्री रमेश चन्द्र माझी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।